हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

11 हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



12 विधायक ने बांटे सीएम रिलीफ फंड से 31 लाख के चेक



## खबर संक्षेप

### फिर खुली नप द्वारा बंद कराई मीट की दुकानें

**बहादुरगढ़।** बीते दिनों नगर परिषद द्वारा शहर में मीट की दुकानों पर की गई कार्रवाई का असर फीका पड़ गया है। जो दुकानें नगर परिषद ने सील यानी बंद कराई थी, अब वे फिर से खुल गई हैं। शहर में कबीर बस्ती चौक के आसपास फिर से मीट की दुकानें चल रही हैं। दरअसल, नगर परिषद ने बीते दिनों कार्रवाई करते हुए पहले नोटिस जारी किए और फिर सीलिंग की कार्रवाई शुरू कराई। इलाके में करीब 60 से अधिक दुकानें सील करने की बात सामने आई। कबीर बस्ती चौक के पास भी सीलिंग कार्रवाई हुई। हालांकि अब फिर से वहां मीट की दुकानें खुल गई हैं। उधर, नगर परिषद के सेनेट्री इंस्पेक्टर सुनील हुड्डा ने कहा कि किसी भी संचालक को पुनः दुकान खोलने की परमिशन नहीं दी गई है। यदि कहीं दुकान खुली है तो इसकी जांच की जाएगी और कार्रवाई होगी।

### अपहरण कर होटल में मारपीट का आरोप

**बहादुरगढ़।** शहर निवासी एक युवक के साथ अपहरण कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। नजदीक लगती एक बस्ती के दो युवकों व उसके साथियों पर आरोप है। वारदात और आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। वारदात हेमंत के साथ हुई है। कबीर बस्ती के निवासी हेमंत का कहना है कि गत 24 मई को मनीष व राहुल नाम के शख्स अपने कुछ दोस्तों के साथ आए। उसे जबरन गाड़ी में डालकर टीकरी बॉर्डर स्थित एक होटल में ले गए। वहां जमकर मारपीट की। डंडों से प्रहार किए गए। जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्द भी कहे।

### चोरों की पहचान के प्रयास में जुटी पुलिस

**बहादुरगढ़।** वेदांत नगर में हुई चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए लाइनपार पुलिस थाने की टीम भागदौड़ कर रही हैं। फुटेज में दिखाई दिए चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल, सोमवार-मंगलवार की मध्य रात को यह वारदात हुई थी। चोरों ने वेदांत नगर स्थित एक एयरफोर्स जवान अभिषेक के बंद मकान को निशाना बनाया और 3 लाख कैश सहित कई लाख के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान वार्ड में ही स्थित एक निजी स्कूल में वारदात करने भी चोर घुसे।

**अधिकतर जगह आरडब्ल्यूएचएस के जरिये गंदा पानी जमीन में जाकर फैला रहा प्रदूषण, कई जगह कंक्रीट से बंद भी कर दिए**

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर 80 लाख जमींदोज, सिस्टम गंदगी से भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में बनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बदहाल स्थिति में हैं। कुछ जगहों पर गंदगी से अटे हुए हैं तो कुछ जर्जर होने के बाद कंक्रीट डालकर बंद कर दिए गए हैं। नियमों को दरकिनार कर बनाए गए इन सिस्टमों की वजह से सरकारी धन की तो बर्बादी हुई ही है, साथ ही ये भूगर्भ को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इस संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में शिकायत दी जा चुकी है लेकिन अभी तक जांच करने की दिलचस्पी नहीं ली गई है। दरअसल, नगर परिषद द्वारा शहर में करीब 80 लाख की लागत से दो दर्जन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए गए हैं। इनमें मांडोठी बाजार, बाग वाला मोहल्ला, विवेकानंद नगर, विकास नगर चौक, नीलवाल गोंडा सहित कई ऐसी जगह भी शामिल हैं, जहां बरसात के दौरान जलभराव आम बात है। यहां नाले अक्सर जाम रहते हैं और सड़कों पर जमा पानी में सीवरेज, प्लास्टिक, कचरा और अन्य गंदगी मिली होती है।

जब ये बनाए जा रहे थे तो पर्यावरण प्रेमियों ने सवाल उठाते हुए आशंका जताई थी कि दूषित पानी सीधे हार्वेस्टिंग सिस्टम के जरिए जमीन में पहुंचकर भूजल को प्रदूषित कर सकता है। ये आशंका सही साबित हुई और बीते दिनों हुई बरसात में ऐसा देखने को मिला। अब हालात ये हैं कि सिस्टम के होल मिट्टी और कचरे से जम गए हैं। वहीं, नगर परिषद बहादुरगढ़ की चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में शिकायतें मिल रही हैं। इस मामले में जांच करवाई जाएगी।



**बहादुरगढ़।** क्षतिग्रस्त होने के बाद कंक्रीट से बंद किया गया सिस्टम।



बहादुरगढ़। मांडोठी बाजार में गंदगी से अटा आरडब्ल्यूएचएस।

### इस धन की बर्बादी का जिम्मेदार कौन?



पार्षद रजनीश मोनू ने कहा कि लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया आरडब्ल्यूएचएस कुछ समय भी नहीं टिक पाया। विकास नगर में तो कुछ समय में ही एक सिस्टम की सतह धंस गई थी। सतह धंसने के बाद उसे कंक्रीट के मलबे से बंद कर दिया गया। आखिर इस धन की बर्बादी का जिम्मेदार कौन है।

### सीवरेज लाइन के पास नहीं बनाने चाहिए थे



पर्यावरण प्रेमी मास्टर मनीष चाहार ने कहा कि मानकों के अनुसार, ऐसे सिस्टम नालों, सीवरेज लाइन या जलभराव वाले प्रदूषित क्षेत्रों के पास नहीं बनाए जाने चाहिए। यहां जल संरक्षण के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई है। जल्दबाजी में ये निर्माण किए गए हैं।

### पार्क में स्थापित किए जाने चाहिए थे



प्रदीप रेढू ने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना सीधे तौर पर भू गर्भ को प्रदूषित करना है। जल निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम ठीक किया जाए और यदि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने हैं तो पार्क या अन्य बेहतर जगह स्थापित किए जाएं।

**लापरवाही के दो मामले : बिजली लाइन व अस्पताल में मौत पर विवाद**

# करंट से ठेका कर्मचारी की मौत पर हंगामा परिजनों ने मुआवजा और नौकरी मांगी

- कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स भी पहुंचे अस्पताल, बिजली मंत्री से की बात, मिलेगा मुआवजा व नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गांव तलाव में बिजली की हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय करंट की चपेट में आने से ठेका कर्मी की मौत के बाद वीरवार को हंगामा हो गया। नागरिक अस्पताल में उपस्थित परिजन व ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को मुआवजा, एक सदस्य को नौकरी व घटना के दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उसके बाद बिजली निगम व प्रशासनिक अधिकारियों के सकारात्मक आश्वासन के बाद ही मृतक के परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए। मृतक की पहचान गांव फतेहपुरी निवासी 35 वर्षीय प्रदीप पुत्र धर्मचंद के रूप में हुई थी।

जानकारी के अनुसार, प्रदीप पिछले करीब 15 वर्षों से बिजली निगम में ठेकेदारी के अंतर्गत लाइनमैन का कार्य करता था। वह एक पुत्री व दो पुत्रों का पिता था। ऐसे में परिजनों व ग्रामीणों ने कहा कि मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा व मृतक की पत्नी को नौकरी देने के साथ-साथ घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। जब ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन शुरू करने की बात की तो मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी अस्पताल पहुंचे। मामले को शांत कराने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, बिजली निगम अधिकारी व एसीपी आदि मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। बाद में विधायक कुलदीप वत्स भी नागरिक अस्पताल पहुंचे और बिजली मंत्री से फोन पर बात करते हुए पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। अस्पताल परिसर में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि बुधवार को प्रदीप तलाव गांव में 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर काम कर रहा था। काम शुरू करने से पहले लाइन का परमिट था और बिजली सप्लाई बंद कराई थी। फिर अचानक लाइन में करंट कैसे आया यह उनकी समझ से परे है। उन्होंने बिजली निगम और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा दोषी कर्मचारियों व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।



**झज्जर।** मृतक के परिजनों व ग्रामीणों के बीच एसई व विधायक कुलदीप वत्स।

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन

कई घंटें चली बातचीत व प्रशासनिक आश्वासन के बाद परिजनों व अधिकारियों के बीच पोस्टमार्टम कराने के लिए सहमति बनी। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को दस से पन्द्रह लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी के लिए एचकेआरएन के अंतर्गत प्रपोजल भेजने, संबंधित ठेकेदार का लाइसेंस रद्द करने व जिस व्यक्ति द्वारा लाइन चलाई गई उसे सस्पेंड करने का आश्वसन दिया। इस सहमति के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### सीवर हादसे में मानवाधिकार आयोग को भेजी शिकायत



**बहादुरगढ़।** किसान नेता रमेश दलाल ने कोमा में पड़े सिलोठी गांव निवासी कपिल के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही उसके परिवार को पूरा वेतन पेंशन के रूप में मिले। उन्होंने 15 सरपंचों के समर्थन के साथ अपना प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों और मानव अधिकार कमीशन को भेजा है। बता दें कि नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल में 18 मई को घटित सीवर हादसे में सुनील निवासी मेहंदीपुर डाबोदा कलां की मौत हो गई थी। जबकि सिलोठी निवासी कपिल की हालत गंभीर बनी हुई है। आरोप है कि ये कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण अथवा सुरक्षा किट के सीवर में उतरे और हादसे का शिकार हुए। रमेश दलाल के प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में छारा, गिरावड़, मातन, रेवाड़ी खेड़ा, मेहंदीपुर, डाबोदा कलां, डाबोदा खुर्द, दुलेहड़ा, सिलोठी, सराय औरंगाबाद, नया गांव, टांडा हेड़ी और मांडोठी के सरपंच शामिल हैं। रमेश दलाल के अनुसार बीएनएस की धारा-105 के तहत दोषी प्रबंधकों की तुरंत गिरफ्तारी की जाए। इसे लेकर रविवार 31 मई को मांडोठी के दलाल भवन में जनता न्याय संसद बुलाई गई है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाया जा सके।

**ऑटो मार्केट में बदलेंगे हालात**

# 17.70 करोड़ में बनेगा फुटपाथ व पार्किंग रोड



**बहादुरगढ़।** विधायक का आभार जताते संस्था के पदाधिकारी।

- ऑटो मोबाइल एसोसिएशन ने विधायक राजेश जून से मिलकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ऑटो मार्केट के विकास कार्यों को लेकर बहादुरगढ़ ऑटो मोबाइल एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक राजेश जून से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित पार्किंग रोड व फुटपाथ निर्माण कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद किया।

संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि ऑटो मार्केट की पार्किंग रोड और पेवमेंट निर्माण का एस्टीमेट तैयार होकर सीए पंचकूला के पास भेजा जा चुका है। इस कार्य के लिए करीब 17.70 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। पूरा निर्माण कार्य आरसीसी से किया जाएगा। विभाग पहले तारकोल आधारित पार्किंग बनाने की योजना पर कार्य कर रहा था, लेकिन संस्था ने विधायक राजेश जून से आग्रह किया कि पार्किंग का निर्माण आरसीसी से करवाया जाए ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। विधायक ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सरकारी स्तर पर प्रयास किए और दोबारा एनआईटी कुरुक्षेत्र से ड्राइंग तैयार करवाकर आरसीसी निर्माण को स्वीकृति दिलाई।

संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि कंक्रीट से बनी पार्किंग वर्षों तक टिकाऊ रहेगी तथा बरसात के दौरान पानी भरने पर भी क्षतिग्रस्त नहीं होगी। विधायक राजेश जून ने भी आश्वासन दिया कि वे जल्द ही पंचकूला जाकर संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करेंगे ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। इस अवसर पर संस्था के प्रधान रोहतास डागर, राजेंद्र अरोड़ा तथा महासचिव गजेंद्र सांगवान मौजूद रहे।

# दिनभर तेज धूप, रात को बारिश से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**गोरियां और मोहनबाड़ी आदि गांवों में ओलावृष्टि भी हुई**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार वीरवार सायं एकाएक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में काले बादल छा गए। फिर तेज हवाओं के साथ कभी बूंदाबांदी तो कभी तेज बौछारें गिरती रही। जिसके कारण लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। ठंडी हवाओं के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। उधर, साल्हावास क्षेत्र के गोरियां और मोहनबाड़ी आदि गांवों में ओलावृष्टि भी हुई। विशेषज्ञ आगामी दो तीन दिनों में गर्मी से आंशिक राहत मिलने का अनुमान लगा रहे हैं। इससे पूर्व दिनभर चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों ने आमजन को खूब परेशान किया।

### 45 डिग्री चल रहा था तापमान

**बहादुरगढ़।** भीषण गर्मी के बीच वीरवार को एकाएक मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। दरअसल, इन दिनों गर्मी चरम पर है। तापमान लगातार 45 के आसपास चल रहा है। बुधवार को भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया। वीरवार की सुबह मौसम बदला बदला नजर आया। हालांकि बाद में तेज धूप खिल गई। फिर शाम को आसमान में बादल छा गए। शाम करीब छह बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई।

# दुष्कर्म के आरोपी ने लगाया अपहरण व मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी से अनैतिक कृत्य के मामले में पुलिस की जांच जारी है। उधर, आरोपी की शिकायत पर 2 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भी भेजे जा चुके हैं और अन्य की तलाश जारी है। मामले में सामने आया है कि दुष्कर्म का आरोपी गांव में अपने घर पर भगताई करने का काम करता है। पीड़िता खिलाड़ी के परिवार का इसके यहां आना जाना था। झज्जर महिला थाने में खिलाड़ी ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया। इस संबंध में फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, दूसरी ओर आरोपी युवक ने खिलाड़ी के पिता समेत करीब 10 लोगों पर अपहरण, मारपीट व बंधक बनाकर प्रताड़ित करने और अनैतिक कृत्य करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने युवक की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। इनमें से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। शिकायत में युवक ने बताया कि 29 अप्रैल को वह रोहद स्थित एक अकादमी में बैठा था। इसी दौरान 8 से 10 लोग वहां पहुंचे और उसे जबरन ले गए। इसके बाद उसे रेवाड़ी, झज्जर समेत कई स्थानों पर करीब 20 दिन तक बंधक बनाकर रखा और मारपीट की गई। अनैतिक कार्य भी किया गया। आरोपी उसके घर से सामान और गाड़ी भी ले गए। युवक को 17 मई को छोड़ा गया। दोनों पक्षों के बीच 8-10 लाख के लेन-देन का भी विवाद है।

### दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

मामले में डीसीपी मयंक मिश्रा ने बताया कि युवक की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। वहीं महिला खिलाड़ी द्वारा दर्ज दुष्कर्म मामले की जांच झज्जर महिला थाना पुलिस कर रही है।

# युवक के खाते से निकले 2 लाख 84 हजार रुपये

**बहादुरगढ़।** साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब बहादुरगढ़ के निवासी एक और युवक के साथ वारदात हुई है। उसके पास न तो कोई ओटीपी आया और न ही निकासी का कोई मैसेज, फिर भी खाते से 2 लाख 84 हजार रुपये निकल गए। जब उसने बैलेंस चेक किया तो मामले का पता चला।

पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात भगत सिंह कॉलोनी के निवासी प्रदीप के साथ हुई है। प्रदीप का कहना है कि वह बहादुरगढ़ में ही प्राइवेट जॉब करता है। यूनियन बैंक में उसका खाता है। खाते में कुल 5 लाख 39 हजार रुपये थे। गत 23 मई को गूगल-पे पर बैलेंस चेक किया तो मात्र 2 लाख 54 हजार दिखाई दिए। जबकि मेरे पास न तो पैसे कटने का कोई मैसेज आया और न ही ओटीपी प्राप्त हुआ। जांच करने पर पता चला कि 20 से 22 मई के बीच खाते से 2 लाख 84 हजार रुपये की निकासी हुई है। निकासी किसने की, इस बारे में कुछ मालूम नहीं। फिर 23 मई को उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। अब साइबर थाना झज्जर ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

**नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन आज**

# 650 रुपये में होगा सिर का सीटी स्कैन, 7 कैटेगरी में मुफ्त मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के नागरिक अस्पताल में लगी आधुनिक सीटी स्कैन की सुविधा का सीएम नायब सैनी द्वारा शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। यहां ज्योति इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर 10 साल के लिए अनुबंध किया गया है। इस व्यवस्था से मरीजों को बाजार से कम कीमत पर बेहतर जांच सुविधा मिल सकेगी।

दरअसल, बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में जिले की पहली 80 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन स्थापित हुई है। लैब में लगी इस मशीन से अस्पताल में प्रतिदिन 50 से अधिक सीटी स्कैन होंगे। पहले मरीजों को सीटी स्कैन के लिए निजी सेंटरों या दूसरे शहरों में जाना पड़ता था, जहां जांच के लिए करीब 2 हजार रुपये या उससे अधिक खर्च करना पड़ता था। अब नागरिक अस्पताल में हेड इंजरी का सीटी स्कैन मात्र 650 रुपये में किया जाएगा, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इस सुविधा से जिले के मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 1200 से 1400 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए आते हैं, जिनमें से कई मरीजों को सीटी स्कैन की जरूरत पड़ती है। अब अस्पताल में ही जांच उपलब्ध होने से मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इस सुविधा में बीपीएल परिवार, हरियाणा सरकार के कर्मचारी और पेंशनर्स, अज्ञात दुर्घटनाग्रस्त मरीज, एससी/एसटी वर्ग, अर्बन स्लम रेजिडेंट समेत 7 पात्र श्रेणियों के मरीजों को पूरी तरह मुफ्त जांच का लाभ मिलेगा।

### अत्याधुनिक 80 स्लाइस मशीन इंस्टॉल, 10 वर्ष का करार



नवनीत सक्सेना ने बताया कि इस परियोजना के लिए 32 स्लाइस मशीन का एग्रीमेंट हुआ था, लेकिन कंपनी ने 80 स्लाइस मशीन इंस्टॉल की है। पीपीपी मोड पर 10 वर्ष के लिए इसे लागू किया गया है। नई मशीन के माध्यम से कॉर्डियो (हृदय) को छोड़कर शरीर के अन्य अंगों की हाई-एंड एंजियोग्राफी भी बेहतर तरीके से की जा सकेगी, जिससे कई जटिल बीमारियों का पता लगाने में आसानी होगी।

### मंत्री नागर अमृत फार्मेसी स्टोर का करेंगे शुभारंभ

**झज्जर।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला से स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की उपस्थिति में स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा अभियान के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं का उद्धघाटन और शिलान्यास करेंगे। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे जबकि बहादुरगढ़ के विधायक राजेश जून, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना और संजय कबलाना की उपस्थिति रहेगी। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिला नागरिक अस्पताल झज्जर में अमृत फार्मेसी स्टोर का शुभारंभ और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवा क्लिनिक कार्यक्रम की भी लॉन्चिंग की जाएगी। वहीं जिला अस्पताल में टरुनेट मशीन का शुभारंभ किया जाएगा। गांव डाबोदा खुर्द में लगभग 67.19 लाख रुपये की लागत से तैयार नवनिर्मित सब हेल्थ सेंटर का उद्घाटन, बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में सीटी स्कैन सेवा का भी शुभारंभ किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सैनी ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी वीरवार को शास्त्री नगर के फेज-टू में स्थानीय निवासियों से मिले। लोगों ने उन्हें खराब स्ट्रीट लाइट, चौपट सफाई व्यवस्था, ओवरफ्लो सीवर और पेयजल किल्लत की समस्या से अवगत करवाया। जसबीर ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से बात कर सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नायब राज में कोई भी गलत कार्य वार्ड में नहीं होने दिया जाएगा।

### चिकित्सा सेवाओं में किया सुधार का दावा

**बहादुरगढ़।** यशपाल हिंदुस्तानी का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में हाल ही में सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। इसके लिए उन्होंने सिविल अस्पताल में एसएमओ डॉ. विनय देशवाल से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। सीटी स्कैन मशीन तथा टीबी जांच मशीन के उद्घाटन से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उपचार व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी।

### पत्रकार प्रवीण भारद्वाज की मां का निधन

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण भारद्वाज की मां मूर्ति देवी पत्नी स्व. बीरबल शास्त्री का बीती रात निधन हो गया। करीब 86 वर्षीय मूर्ति देवी कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। वीरवार को शहर के रामबाग श्मशान घाट में उनके ज्येष्ठ पुत्र अश्वनी भारद्वाज ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मौके पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक, चेयरमैन विनोद कौशिक, ट्रेफिक एसएचओ सतीश कुमार, राजपाल जांगड़ा, कर्मवीर राठी, वजीर राठी, प्रेम शर्मा, शील भारद्वाज, युवराज छिल्लर, नंदे राठी, बीके गुप्ता, भुवनेश सिंघल, सतपाल राठी, सुरेंद्र चौहान, सतीश सहवाग, प्रदीप लडरावण, गुरदेव राठी, संजीव मलिक आदि ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।



### हमला करने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सुभाष नगर क्षेत्र में युवक पर सुए से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सिविल लाइन में 26 मई को सुभाष नगर निवासी अमित ने इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकुश पुत्र ओम बागरी निवासी भेंबवा, जिला झज्जर हाल निवासी सुभाष नगर, रोहतक को गिरफ्तार कर लिया।

## हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# लंबित एलटीसी और एसीपी मामलों को निपटाने की मांग

**मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी की ड्यूटी से मुक्त करने की मांग भी उठाई**



झज्जर। बृहस्पतिवार को डीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए एसोसिएशन पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

*बाल देखभाल अवकाश मामलों को शीघ्र निदेशालय कार्यालय भेजने का अनुरोध भी किया*

हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा वीरवार को जिला प्रधान कुलदीप नेहरा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बाद शिक्षकों ने एसो. की विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर डीईओ रतींद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रवक्ताओं के लंबित एलटीसी व एसीपी मामलों को शीघ्र एवं सुचारू रूप से निपटाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। संगठन द्वारा सभी प्रकार के लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए आवश्यक बजट जल्द उपलब्ध कराने, बहादुरगढ़ उपमंडल में बचे हुए प्रवक्ताओं को मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी की ड्यूटी से मुक्त करने संबंधी मांग भी उठाई गई। संगठन सदस्यों ने जनगणना कार्य पूर्ण होने के उपरांत बाल देखभाल अवकाश मामलों को शीघ्र निदेशालय कार्यालय भेजने का अनुरोध भी किया जिस पर डीईओ द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। डीईओ रतींद्र सिंह ने संबंधित शाखा अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रवक्ता को कार्यालय स्तर पर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस मौके रूपेंद्र नांदल व सुदर्शन पूनिया, नवबहार यादव, आशीष कादियान, संजय शर्मा, राकेश चावला, भारत भूषण, सुनील कौशिक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी 31 को गुरुग्राम पहुंच मंत्री राव नरवीर के आवास का करेंगे घेराव



**झज्जर।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा लंबित मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल वीरवार को भी जारी रही। कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव संदीप मारौत ने बताया कि उनकी हड़ताल चौदहवें दिन में प्रवेश कर गई है। धरना प्रदर्शन के बाद जब कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा मुख्यमंत्री से वार्ता कराने के लिए तीन दिन समय मांगा गया तो हड़ताल को 31 मई तक बढ़ाया गया है। इस दौरान सभी ब्लॉकों व जिलों में रविवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कर्मचारी धरना दे रहे हैं। यूनियन द्वारा जिले अनुसार 29 से 31 मई तक मंत्रियों के आवास या कार्यस्थल पर एक-एक दिन आक्रोश प्रदर्शन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वे 31 मई को गुरुग्राम पहुंच कर मंत्री राव नरवीर का घेराव करेंगे जिसमें उनके अलावा गुरुग्राम व नूंह मेवात के कर्मचारी भाग लेंगे। धरने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव ने भी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच कर कर्मचारियों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वे कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए उनकी हर संभव मदद करेंगे। धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मियों ने सरकार विरोध नारे लगाते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। इस दौरान डीडीपीओ ने भी मांग पत्र लेकर समस्याओं बारे जानकारी ली और कहा कि उनकी मांगों का नोट बनाकर चंडीगढ़ हेड क्वार्टर भेजा जाएगा।

## न्यूज डायरी

### गांव ग्वालिसन में स्वास्थ्य जांच के साथ लोगों को बताए लू से बचने के उपाय



**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा क्षेत्र के गांव ग्वालिसन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। उन्होंने लोगों को लू से बचने के उपायों संबंधी जानकारी भी दी। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर रजत गुप्ता व डॉक्टर शिवम सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल संबंधी जानकारी भी दी गई।

### एलए सीसे स्कूल में शिक्षकों को करवाया मेडिटेशन-यौगिक क्रियाओं का अभ्यास



**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल स्टॉफ के लिए भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व डीपीई अमित लोहचब द्वारा मेडिटेशन क्रियाओं का आयोजन किया गया। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि सभी अध्यापकों को तनाव रहित रहकर अपनी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का आनंद व मेडिटेशन व यौगिक क्रियाएं करनी चाहिए। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया व प्रबंधक केएम डागर ने कहा कि मेडिटेशन व यौगिक क्रियाएं हमेशा मानव जीवन के लिए बेहतर होती हैं। इस दौरान मैनेजमेंट सदस्यों ने भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व डीपीई अमित लोहचब को एप्रिशिएसन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### डीसी ने लिया मुंगेशपुर ड्रेन का सीवरेज लाइनों की सफाई करने के दिए निर्देश

**बहादुरगढ़।** आगामी मानसून सीजन को लेकर जिला प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण और जलनिकासी व्यवस्थाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। डीसी वर्षा खांगवाल ने वीरवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मुंगेशपुर ड्रेन का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बहादुरगढ़ एमआईई क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों को सीवरेज लाइनों की तुरंत सफाई के निर्देश दिए। डीसी ने संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों की जानकारी लेते हुए कहा कि शहर में कहीं भी सीवरेज चोक की स्थिति नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले बरसाती सीजन के अनुभवों को देखते हुए इस बार पहले से योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि रिहायशी क्षेत्रों और खेतों में जलभराव की समस्या न हो। एसडीएम अभिनव सिवाच, तहसीलदार सुदेश मेहरा, वीरेंद्र कादियान, एक्सईएन ईशान सिवाच सहित अन्य अधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे।

### पुलिस ने कस्बा बेरी में युवाओं को किया नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक



**झज्जर।** वीरवार को पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने कस्बा बेरी में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। एएसआई पवन कुमार ने लाइब्रेरी में आए युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों और डायल 112 के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बतायाकि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है। इसे मिटाने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, मौहल्ला तथा वार्ड की जिम्मेदारी लेगा और ना ही स्वयं नशा करेगा और ना ही अपने क्षेत्र में नशे को बिकने देगा तभी हम अपने क्षेत्र से नशे को दूर भगाने में कामयाब होंगे। युवा नशे की चपेट में आकर अपराध की तरफ बढ़ रहा है इसलिए माता-पिता को भी अपने बच्चों की दैनिक गतिविधि पर ध्यान रखना चाहिए और उन्हें शिक्षा खेल-कूद तथा सामाजिक हित की गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वहीं यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

## बेरी हलके में पेयजल का भारी संकट : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



■ बेरी हलके के लगभग सभी गांव पहुंच चुके हैं डार्क जोन में

बेरी हलके में लगातार विकराल होती पेयजल समस्या को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने हरियाणा सरकार और जन स्वास्थ्य विभाग पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि बेरी हलके के लगभग सभी गांव आज डार्क जोन की भयावह स्थिति में पहुंच चुके हैं और लोग पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। विक्रम कादियान ने कहा कि बेरी कस्बे में सप्ताह में केवल एक-दो बार ही नलों में पानी आता है, जबकि भागलपुरी, वजीरपुर, बाघपुर, पलड़ा, जहाजगढ़, बिरड़-माजरा, धौड़, दुजाना, दूबलधन, मदाना, दिमाना, रोहद, छारा, रेवाड़ीखेड़ा, खरमान, दहकौरा, बिसाहन और गोछी सहित दर्जनों गांवों में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। कई गांवों में महिलाएं और बुजुर्ग सुबह से लेकर देर शाम तक पानी के इंतजार में लाइनें लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सिवाना गांव का वाटर वर्क्स पूरी तरह सूखा पड़ा है, जबकि माजरा डी गांव में लोगों को दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। वहां का जलघर भी जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि मलिकपुर, अच्छेज-पहाड़ीपुर, सफीपुर, गोधड़ी, डीघल, बहराना, दिमाना, छोछी, दहकोरा, भापड़ोदा, खरहर, छुडानी, मदाना, धांधलान, लकड़िया और गोछी जैसे गांवों में पेयजल संकट ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जन स्वास्थ्य विभाग की जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। इसके बावजूद विभाग की ओर से कहीं भी पर्याप्त टैंकर सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। जिसके कारण आमजन में रोष बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि अगर समस्या का जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी और कांग्रेस पार्टी बेरी हलके की पेयजल समस्या को लेकर बड़ा जनआंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी।

## शहर में कूड़े के ढेर और हाईवे पर सुलग रही ग्रीन बेल्ट बनी परेशानी का सबब

**शहरी क्षेत्र में अलसुबह व देर सायं दुकानदार कूड़े के ढेरों को आग के हवाले कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। शहरी क्षेत्र में कूड़े के ढेर में आग लगाता हुआ युवक।



झज्जर। गांव बिरधाना के पास लगी आग।

शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर और हाई -वे किनारे सुलग रही ग्रीन बेल्ट लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। कूड़े में लगी आग से उठता धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है, वहीं हाईवे पर धुएं के कारण वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आमजन व वाहन चालकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। शहरी क्षेत्र में अलसुबह व देर सांय दुकानदार कूड़े के ढेरों को आग के हवाले कर रहे है। जिससे निकल रहे जहरीले धुएं के कारण आसपास क्षेत्र के लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो रही हैं। इसके अलावा झज्जर रोहतक राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाईवे की ग्रीन बेल्ट में सूखी घास और झाड़ियों में आग सुलगती नजर आ रही है। तेज हवा के चलते आग फैलने का खतरा बना हुआ है। वाहन चालकों का कहना है कि रात के समय धुएं के कारण रास्ता साफ दिखाई नहीं देता। लोगों ने आरोप लगाया है कि संबंधित विभागों द्वारा समय पर सफाई नहीं करवाई जा रही और न ही आग लगने की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। जिसके कारण ऐसा करने वाले लोगों के हौंसले बुलंद है।

## आत्मविश्वास को बढ़ता सकारात्मक व आनंदमय वातावरण: पिंकी कपूर

**त्रिवेणी मेमोरियल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रभावशाली शिक्षण विधियां विषय पर प्री-प्राइमरी अध्यापकों के लिए इन हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला हुई।

कार्यशाला के दौरान पिंकी कपूर ने स्वागत एवं परिचय सत्र में कहा कि एक सकारात्मक एवं आनंदमय वातावरण, बच्चों के आत्मविश्वास, सहभागिता तथा सीखने की क्षमता को बढ़ाता है। इसके पश्चात विभिन्न शिक्षिकाओं ने अपने अपने विषयों पर अत्यन्त प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यशाला में कक्षा प्रबंधन विषय के माध्यम से सरल नियमों तथा एक्शन सॉन्ग्स एवं सकारात्मक व्यवहार द्वारा अनुशासन बनाए रखने के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए। बच्चों में भाषा व उच्चारण कौशल विकसित करने के लिए फ्लैशकार्ड्स, राइम्स तथा ध्वनि अभ्यास की उपयोगिता समझाई। रचनात्मक शिक्षण सहायक सामग्री के अंतर्गत चार्ट्स, कठपुतलियों एवं हस्तनिर्मित सामग्री के प्रयोग से शिक्षण को आकर्षक बनाने के सुझाव दिए गए। खेल आधारित शिक्षण के महत्व बताते हुए कहा कि खेल बच्चों में सामाजिक एवं बौद्धिक कौशल विकसित करते हैं। अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सकारात्मक संवाद की आवश्यकता समझाई। प्रधानाचार्या सुमित्रा महला ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षण गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करते हैं तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### श्रद्धालुओं को सुनाई गोवर्धन पर्वत की कथा

**झज्जर।** बाबा प्रसादगिरी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उंगली पर गौवर्धन पर्वत धारण की कथा का श्रवण कराया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं में अन्नकूट का प्रसाद व छबील लगाकर शर्बत भी वितरित किया गया। कथा वाचक आचार्य उपेंद्र कृष्ण ने कहा कि हम सभी एक हैं। हम में जाति नहीं है। जहां पर जाति आ गई, वहां पर एकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कथा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा यमुना की सफाई और गिरीराज पर्वत यानी वनस्पतियों के पूजन की बात कही है। इसलिए हमें वनस्पतियों का ध्यान रखने के लिए अधिक संख्या में वृक्षारोपण तथा अपनी गली-मौहल्ले में साफ-सफाई रखनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से पंच परिवर्तन अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर पंडित सूबे सिंह हरित, दुर्गा कुच्छल, उमाशंकर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर जांगड़ा ने किया जागरूक**

# माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया, स्वच्छता रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सही जानकारी देकर जागरूक करना रहा ताकि अधिक से अधिक किशोरियां माहवारी स्वच्छता अभियान से जुड़ सकें। इस अभियान के माध्यम से किशोरियों को स्वच्छता अपनाने, सही खान-पान रखने, एनीमिया एवं संक्रमण से बचाव तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि माहवारी प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी भ्रांतियों एवं झिझक को दूर करना आवश्यक है ताकि किशोरियां पूरे वर्ष स्वस्थ एवं आत्मविश्वास के साथ जीवन जी सकें। जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इस दौरान स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सही जानकारी एवं जागरूकता से संक्रमण, एनीमिया एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव है। उन्होंने किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या होने पर चिकित्सीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में आमजन को जागरूक करते हुए चिकित्सीय टीम। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी एवं मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर राशि, महिला विशेषज्ञ डॉक्टर जागृति जांगड़ा, महिला विशेषज्ञ डॉक्टर अमन खंडेलवाल, नर्सिंग ऑफिसर अनीता आदि मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में छात्राओं को स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में छात्राओं व स्टॉफ के साथ विशेषज्ञ।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

संजय हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं और अध्यापिकाओं को मासिक धर्म से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य देखभाल तथा सैनिटरी पैड के सही उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक एवं सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जिसे लेकर किसी प्रकार की शर्म या भय महसूस करने की आवश्यकता नहीं है।

**सैनिटरी पैड वितरित किए:** प्रधानाचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि स्कूल चेयरमैन आईपीएस अनिल कुमार राव के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को लाइका वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सैनिटरी पैड और लाइनर भी वितरित किए गए। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम का आभार जताया।

## न्यूज डायरी



### पूर्व विधायक ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

**बहादुरगढ़।** डा. अर्चना गुप्ता को भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने इमरती बांटकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि डा. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति से संगठन में महिलाओं को महत्व मिला है। उनके नेतृत्व, अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता से पार्टी अधिक सशक्त होगी। कौशिक के कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में पार्षद अशोक शर्मा, अश्वनी शर्मा, राजेश मकड़ौली, अनिल सिंघल, पवन रोहिल्ला, कृष्ण चंद्र, विशाल छिल्लर, अनिल राठी, जयपाल सरोहा, सुखबीर सोलधा, टोनी सरपंच, प्रवीण बागड़ी, सुंदर, अशोक कुमार, बिजेंद्र वशिष्ठ, श्याम लाल, धर्मेंद्र वत्स, राजबीर वत्स, विनोद कुमार, विकास पांडे, सोनू कौशिक, श्रवण कुमार, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।



### भाजपा मंडल इकाई ने भी बांटी मिठाई

**बहादुरगढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व डॉ. अर्चना गुप्ता को सौंपे जाने पर बहादुरगढ़ मंडल भाजपा इकाई ने भी मिठाई बांटी। मंडल अध्यक्ष संजय सैनी के कार्यालय पर सभी मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इंदु बागड़ी, प्रमिला जून व सविता पवार ने भाजपा नेतृत्व का आभार जताया। संजय सैनी ने कहा कि अर्चना गुप्ता के मार्गदर्शन में संगठन सशक्त बनेगा। इस मौके पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामकंवार सैनी, रमेश आर्य, आशु सैनी, संजीत राठी, दीपक सैनी, रविंद्र राठी, संदीप सैनी, सचिन सैनी, सन्नी, बलविंदर मित्तल, अनिल, समीर राठी, धर्मेंद्र सैनी, राजकुमार खुराना व आशीष आशीवाल आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने हमेशा नारी को दिया सम्मान : नीलम



**झज्जर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉक्टर अर्चना गुप्ता को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पार्टी नेताओं और सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या एवं झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक की निदेशक नीलम अहलावत ने कहा कि डॉक्टर अर्चना गुप्ता लंबे समय से संगठन और समाज सेवा से जुड़ी रही हैं तथा उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों को भी नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

### प्रदेश अध्यक्ष बनने पर डॉ. अर्चना गुप्ता को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शेखर यादव ने डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा का हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। शेखर यादव ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक अनुभवी, कर्मठ और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता हैं। उन्होंने लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य किया है। भाजपा में समर्पित और मेहनती कार्यकर्ताओं को हमेशा सम्मान और अवसर मिलता है। उनके कुशल नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा संगठन अधिक मजबूत होगा तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा।



### स्टील के गिलासों में बांटा मीठे जल का प्रसाद

बहादुरगढ़। वीरवार को सार्थक सेवा समिति ने नजफगढ़ रोड पर बालोर मोड़ के निकट पानी की छबील लगाई। इसमें करीब 700 लीटर ठंडे मीठे जल का वितरण किया गया। विशेष बात यह रही कि छबील के दौरान प्लास्टिक या डिस्पोजल की बजाय स्टील के गिलासों का उपयोग किया गया। समिति अध्यक्ष नफे सिंह सार्थक ने बताया कि सार्थक परिवार पिछले 9-10 साल से गर्मी के मौसम में छबील लगाता आया है। सार्थक परिवार ऐसे कार्यक्रमों में स्टील के बर्तन इस्तेमाल कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। छबील के आयोजन में हरिचंद रोझा, एसएम पाल, वजीर सिंह दहिया, महाबीर जांगड़ा, रामानंद रंगा, सुमेश कौशिक आदि मौजूद रहे।



### नवनियुक्त डीसी से मिले बहादुरगढ़ के उद्योगपति

बहादुरगढ़। फुटवियर पार्क एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त जिला उपायुक्त वर्षा खांगवाल से मिला। जिले में उनका स्वागत करने के उपरांत उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निदान को लेकर सार्थक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल विनोद जैन, संजय नारंग, देसराज व नरेंद्र छिकारा आदि ने डीसी वर्षा खांगवाल को बहादुरगढ़ आकर उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधियों एवं उद्यमियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि बीसीसीआई तथा फुटवियर पार्क एसोसिएशन ने सदैव उद्यमियों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा प्रशासन के साथ सहयोग की भावना को प्राथमिकता दी है।




### समर कैंप में विद्यार्थियों ने सीखे पंजाबी व्यंजन

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में चल रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप के चौथे दिन विद्यार्थियों ने कई पंजाबी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। प्राचार्या प्रीति राठी की अध्यक्षता में आयोजित पंजाबी प्राध्यापिका अमनदीप ने विद्यार्थियों को पारंपरिक पंजाबी व्यंजन तैयार करना सिखाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने छोले-भटूरे, मक्के की रोटी, आलू के परांठे आदि लजीज व्यंजनों को तैयार किया। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि जिस प्रकार पूरे भारत में हरियाणा के दूध-दही के खाने की चर्चा होती है, उसी प्रकार व्यंजनों में पंजाबी खाने की बात ही निराली है। इस मौके पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने भी विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पंजाबी व्यंजनों की सराहना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

# करियर, कला और आत्मिक अभिव्यक्ति का माध्यम है संगीत

■ विद्यार्थी गायक, वादक, संगीत शिक्षक, संगीत निर्देशक, संगीत संयोजक और म्यूजिक थैरेपिस्ट में बना सकते हैं करियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आज के समय में शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं रह गई है बल्कि व्यक्तित्व विकास, मानसिक संतुलन और रचनात्मक अभिव्यक्ति का आधार भी बन चुकी है। ऐसे दौर में संगीत एक ऐसा विषय है जो विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं देता बल्कि संवेदनशीलता, आत्मविश्वास और जीवन को महसूस करने की दृष्टि भी प्रदान करता है। संगीत केवल सुरों, तालों और रागों अध्ययन नहीं बल्कि भावनाओं को अभिव्यक्त करने और जीवन के सूक्ष्म अनुभवों को समझने की कला है।

### केवल नेहरू कॉलेज में उपलब्ध है संगीत विषय



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते हुए संगीत विषय की छात्राएं। फाईल फोटो।

### गायन और वादन दोनों विधाओं का प्रशिक्षण

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि संगीत विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों को गायन और वादन दोनों विधाओं का व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जाता है। गायन में स्वर, राग, लय, ताल और भावाभिव्यक्ति की गहन समझ विकसित की जाती है जबकि वादन में विभिन्न वाद्य यंत्रों की तकनीक, तालमेल और प्रस्तुति कला का अभ्यास कराया जाता है। हारमोनियम, तबला, सितार, बांसुरी, गिटार, वीणा, सरोद, पियानो और अन्य वाद्य यंत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को संगीत परंपरा से परिचित कराया जाता है।

### गायन और वादन दोनों विषय उपलब्ध

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिले में केवल राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में ही बीए में संगीत विषय उपलब्ध है। महाविद्यालय में संगीत गायन (वोकल) और संगीत वादन (इंस्ट्रूमेंटल) दोनों विषय उपलब्ध है। संगीत विषय का कॉम्बिनेशन इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों के साथ है। विद्यार्थी चाहें तो संगीत गायन और संगीत वादन दोनों विषय एक साथ भी पढ़ सकते हैं।

### करियर की अपार संभावनाएं

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि वर्तमान डिजिटल और रचनात्मक युग में संगीत केवल रुचि नहीं, बल्कि रोजगार और पहचान का सशक्त माध्यम बन चुका है। संगीत विषय के माध्यम से विद्यार्थी गायक, वादक, संगीत शिक्षक, संगीत निर्देशक, संगीत संयोजक, म्यूजिक थैरेपिस्ट तथा स्वतंत्र कलाकार के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त रेडियो, टेलीविजन, फिल्म, डिजिटल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी संगीत से जुड़े अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने युवा कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का नया मंच दिया है।

## सीएम राहत फंड से अब तक बांटे जा चुके 52 लाख रुपये

# विधायक ने बांटे सीएम रिलीफ फंड से 31 लाख रुपये के चेक

क्षेत्र के विकास व लोगों की मदद के लिए सरकार उठा रही सरहानीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सीएम रिलीफ फंड के लाभार्थियों को चेक सौंपते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

विधायक राजेश जून ने मुख्यमंत्री राहत फंड से बहादुरगढ़ हलके में विभिन्न कार्यों व जरूरतमंद परिवारों को राहत देते हुए मंजूर 31 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए।

विधायक राजेश जून ने चेक प्रदान करते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न जरूरतमंद मामलों और जनहित कार्यों को लेकर सीएम नायब सैनी के समक्ष सहायता की मांग रखी थी। सीएम नायब सैनी द्वारा पहले भी मुख्यमंत्री राहत फंड से 21 लाख रुपये की सहायता राशि भेजी गई थी, जबकि अब 31 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि जारी कर लोगों को बड़ी राहत दी गई है। राजेश जून ने बताया कि कुल 52 लाख रुपये की सहायता राशि बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए मंजूर कर दी गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि उनका बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विशेष लगाव है। क्षेत्र के विकास व लोगों की मदद के लिए हर मांग को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जा रही है। विधायक राजेश जून ने हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता को बधाई दी। विधायक ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा हरियाणा में अधिक मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने एक अनुभवी और कर्मठ नेतृत्व को प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी है।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देती डीसी वर्षा खांगवाल।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर डीसी की बैठक

■ 21 जून को सुबह रोडवेज वर्कशॉप परिसर में मनाया जाएगा योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आगामी 21 जून को जिले भर में स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम के साथ मनाया जाएगा। जिसको लेकर डीसी वर्षा खांगवाल की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गई और विभिन्न विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह रोडवेज वर्कशॉप परिसर में जिला स्तरीय योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, विद्यार्थी, अधिकारी और स्वयंसेवी भाग लेंगे। दिवस की पूर्व तैयारी के तहत आगामी बीस जून को सुबह सात से आठ बजे तक फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी, साथ ही एक योगा मैराथन भी आयोजित की जाएगी। इसमें स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, नेहरू युवा केंद्र, पुलिस बल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स समेत विभिन्न संस्थाएं भाग लेंगी। मैराथन रोडवेज वर्कशॉप से शुरु होगी व राधा स्वामी सत्संग भवन तक जाएगी और वापिस वर्कशॉप में संपन्न होगी।



झज्जर। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने एचपीवी वैक्सीन के प्रति किया जागरूक

■ ग्राम प्रधानों के सहयोग से गांव-गांव में पेरेंट्स मीटिंग्स आयोजित की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले भर में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधानों के सहयोग से गांव-गांव में पेरेंट्स मीटिंग्स आयोजित की जा रही हैं, ताकि अभिभावकों और बच्चों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व एवं इसके लाभों के बारे में जागरूक किया जा सके। इस दौरान मोहनबाड़ी गांव के सरपंच राजकुमार, खानपुर खुर्द के सरपंच कृष्ण कुमार, गोरिया गांव के सरपंच अजीत, झाड़ली के सरपंच महेश सहित अन्य गांवों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। टीम द्वारा लोगों को एचपीवी टीकाकरण के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि यह टीकाकरण भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है। एसएमओ सीएचसी जमालपुर डॉक्टर आदित्य ने बताया कि 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए यह टीका उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर एसएमओ डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर अंकित चौधरी, एएनएम निर्मला, एलएचवी ईश्वंती, अमरजीत, मयूर, रेणुका, स्वाति सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# ईद पर मुल्क और कौम की तरक्की की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। जामा मस्जिद में ईद की नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग। फोटो : हरिभूमि

शहर के झज्जर रोड पर स्थित जामा मस्जिद में वीरवार को ईद-उल-जुहा का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। जामा मस्जिद के इमाम हाफिज लुकमान ने ईद-उल-जुहा की विशेष नमाज अदा करवाई। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार त्याग, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रेम, सद्भाव और एकता बनाए रखने की अपील की। साथ ही देश में अमन-शांति, खुशहाली और निरंतर तरक्की के लिए विशेष दुआ भी करवाई गई। ईद के अवसर पर मस्जिद परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह नजर आया। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर भी ईद की शुभकामनाएं दीं। इनेलो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व प्रधान अलीशेर खान, उप प्रधान मोहम्मद नाजिम, कैशियर मास्टर यामीन, सचिव रशीद अहमद, डॉ. जमील खान, हनीश खान, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद अमीन, डॉ. फुरकान अली, मोहम्मद रफी आलम व फिरोज खान आदि ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**झज्जर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एमआर स्कूल हसनपुर में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने देश के मुख्य शहरों का आभासी भ्रमण एवं वास्तविक जीवन वार्तालाप अभ्यास सीखा। विद्यार्थियों ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न भारतीय शहरों की सांस्कृतिक एवं भाषाई विशेषताओं को जाना तथा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले संवादों का अभ्यास कर अपनी भाषाई दक्षता को निखारा। प्राचार्या संगीता ने विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए बहुभाषी बनने के लिए प्रेरित किया। उप-प्राचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल एवं रचनात्मकता का विकास करती हैं।



झज्जर। कैंप में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## वियतनाम में हुई अंडर-23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में पहलवान सुमित दलाल व हरदीप छिल्लर छाए

# एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले पहलवान सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कोच व साथी पहलवानों के साथ विजेता पहलवान।

वियतनाम में हुई अंडर-23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में देश के लिए मेडल जीतने वाले पहलवान सुमित दलाल व हरदीप छिल्लर का हिंद केसरी सोनू अखाड़े में जोरदार अभिनंदन किया गया।

पहलवान सुमित ने 63 किलोग्राम ग्रीकोरोमन में गोल्ड जीतकर रिकार्ड बनाया है। दावा किया जा रहा है कि अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में लगातार 2 गोल्ड जीतने वाला सुमित देश का पहला पहलवान है। इससे पहले वह वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स में भी गोल्ड जीतने वाला पहला भारतीय पहलवान बन चुका है। सुमित के नाम 2 जूनियर वर्ल्ड, 1 अंडर-23 वर्ल्ड और 1 सब जूनियर वर्ल्ड पदक भी दर्ज हैं। वहीं, हरदीप छिल्लर ने 130 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रांज मेडल हासिल किया। यह उसका पहला सीनियर स्तर का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इससे पहले जूनियर वर्ल्ड और एशिया चैंपियनशिप में भी गोल्ड जीत चुका है। दोनों पहलवानों ने अपनी सफलता का श्रेय अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र दलाल को दिया तथा अगला लक्ष्य एशियन गेम्स में मेडल जीतना बताया। कोच धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि दोनों खिलाड़ी बेहद प्रतिभाशाली हैं और भविष्य में भी देश के लिए पदक जीतते रहेंगे। इस मौके पर हिन्द केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवार्डी पहलवान और कोच ओमबीर, सेठी पहलवान, कोच सुधीर दलाल, अनुराग कोच, मुकेश कोच व रिंकू आदि उपस्थित रहे।

### विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** प्रथम जिला ओपन एथलेटिक्स मीट-2026 में सरकारी मध्य स्कूल अकादमी सराय औरंगाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। अंडर-18 वर्ग में ईशांत राठी ने शॉट पुट में स्वर्ण और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता, जबकि हेमंत जून ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-16 वर्ग में रजत ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता। वहीं हर्ष सांगवान ने पेंटाथलॉन में स्वर्ण और कृष सांगवान ने रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कोच संदीप सांगवान, सरपंच राकेश राठी और ब्लॉक समिति सदस्य राजबीर लाठर उर्फ गांधी ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।